Seat No. : _______________

# MJ-110 (H)

**May-2022**

**B.Com., Sem.-V**

**CE-302(A) : Management Accounting – I**

**Time : 2 Hours]** **[Max. Marks : 50**

**(Hindi Version)**

**सूचनाएँ :** (1) **विभाग–I** के सभी प्रश्न समान अंकों के हैं ।
(2) **विभाग–I** में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
(3) **विभाग-II** में प्रश्न-**5** अनिवार्य है ।

**विभाग – I**

1. (A) प्रबन्धकीय लेखांकन को परिभाषित कीजिए एवं प्रबन्धकीय लेखांकन एवं वित्तीय लेखांकन के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए । **10**

(B) एक कंपनी के उत्पादन से संबंधित जानकारी नीचे दी गई है । इस जानकारी के आधार पर तुलनात्मक लाभ एवं हानि का पत्रक तैयार कीजिए । **10**

**लाभ एवं हानि का पत्रक**

| विवरण | 31-3-2019 | | 31-3-2020 | |
|---|---|---|---|---|
| | ₹ | ₹ | ₹ | ₹ |
| बिक्री | | 97,500 | | 1,05,000 |
| घटाएँ : बेचे माल की लागत | | | | |
| प्रारंभिक स्टॉक | 9,500 | | 10,500 | |
| उपयोग किया गया कच्चा-माल | 32,500 | | 37,500 | |
| प्रत्यक्ष मजदूरी | 30,000 | | 36,250 | |
| कारखाने के खर्चे | 24,000 | | 25,500 | |
| संचालन एवं बिक्री खर्चे | 10,500 | | 12,000 | |
| | 1,06,500 | | 1,21,750 | |
| घटाएँ : अंतिम स्टॉक | 10,500 | 96,000 | 17,500 | 1,04,250 |
| शुद्ध लाभ | | 1,500 | | 750 |
| उत्पादित इकाईयाँ | | 6,000 | | 5,000 |
| बिक्री की गई इकाईयाँ | | 5,000 | | 4,000 |

2. (A) निम्न जानकारी के आधार पर ज्ञात कीजिए : **10**

(1) शुद्ध लाभ अनुपात
(2) विनियोजित पूँजी पर प्रतिफल

| अन्य जानकारी : | **(₹)** |
|---|---|
| स्थिर संपत्तियाँ (लागत) | 54,80,000 |
| मूल्यह्रास कोष | 2,80,000 |
| बैंक ओवरड्राफ्ट | 10,00,000 |
| प्रवाही संपत्तिया (स्टॉक के सिवाय) | 60,00,000 |
| प्रवाही दायित्व | 50,00,000 |
| निवेश | 8,00,000 |
| 10% डिबेन्चर्स | 2,00,000 |
| समाजोयित खरीदी | 40,00,000 |

स्टॉक अनुपात 20 गुणा (अंतिम स्टॉक के आधार पर)

सकल लाभ अनुपात 33⅓ %

ब्याज एवं कर पश्चात् का शुद्ध लाभ 13,00,000

| निम्न जानकारियाँ लाभ–हानि खाते में दर्शाई गई हैं : | **(₹)** |
|---|---|
| संपत्ति की बिक्री पर हानि | 20,000 |
| अंशो की बिक्री पर लाभ | 80,000 |
| कर के लिए प्रावधान | 3,00,000 |
| अंशों पर प्राप्त डिविडन्ड | 40,000 |

(B) अनुपातिक विश्लेषण की मर्यादाओं की चर्चा कीजिए । **10**

3. (A) (1) निम्न जानकारियाँ सेम कंपनी लि. के आर्थिक चिट्ठे से ली गई हैं : **10**

| विवरण | **31-3-2019**<br>**₹** | **31-3-2020**<br>**₹** |
|---|---|---|
| लाभ–हानि खाता (जमा) | 7,00,000 | 11,20,000 |
| कर के लिए प्रावधान | 1,40,000 | 2,10,000 |
| सूचित डिविडन्ड | 70,000 | 1,40,000 |

**अतिरिक्त जानकारी :**

(1) वर्ष के दौरान ₹ 35,000 कर का भुगतान किया गया था ।

(2) वर्ष के दौरान, वर्ष 2018-19 के डिविडन्ड का ₹ 14,000 का भुगतान किया गया था ।

व्यापार के संचालन द्वारा प्राप्त फंड की गणना कीजिए ।

(2) निम्न आर्थिक चिट्ठे जिया लि. के हैं :

| विवरण | | **01-04-2019**<br>**₹** | **31-3-2020**<br>**₹** |
|---|---|---|---|
| संपत्तियाँ : | जमीन एवं भवन | 4,00,000 | 6,00,000 |
| | फर्नीचर | 2,00,000 | 1,60,000 |
| | देनदार | 3,00,000 | 4,00,000 |
| | स्टॉक | 3,00,000 | 4,00,000 |
| | | **12,00,000** | **15,60,000** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| दायित्व : | लेनदार | 1,60,000 | 1,30,000 |
| | बैंक लोन | 6,40,000 | 5,70,000 |
| | अंश पूँजी | 4,00,000 | 8,60,000 |
| | | **12,00,000** | **15,60,000** |

₹ 1,00,000 के भवन को ₹ 50,000 में बेचा गया, जिस पर संचित मूल्यह्रास ₹ 40,000 था । मूल्यह्रास के लिए प्रावधान क्रमशः ₹ 1,40,000 तथा ₹ 1,20,000 था ।

उपर्युक्त जानकारी के आधार मूल्यह्रास प्रावधान तथा जमीन एवं भवन के खाते तैयार कीजिए ।

(B) कोष प्रवाह विवरण एवं नकद प्रवाह विवरण के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए । **10**

4. निमिशा लि. की निम्न जानकारी के आधार पर अप्रैल से जून तक तीन माह के लिए नकद बजट पत्रक तैयार कीजिए : **20**

(1) ता. 1-4-2020 के दिन नकद तथा बैंक शेष ₹ 1,50,000 था ।

(2)

| माह | बिक्री | अंतिम स्टॉक | मजदूरी | परोक्ष खर्च (ओवरहेड्स) |
|---|---|---|---|---|
| फरवरी | 2,25,000 | 37,500 | 22,500 | 45,000 |
| मार्च | 3,00,000 | 22,500 | 30,000 | 52,500 |
| अप्रैल | 3,75,000 | 22,500 | 36,000 | 60,000 |
| मई | 4,50,000 | 37,500 | 42,000 | 67,500 |
| जून | 4,50,000 | 52,500 | 48,000 | 75,000 |

(3) माल लागत पर 25% लाभ पर बेचा जाता है ।

(4) खरीदी 10% नकद छूट पर नकद की जाती हैं । यह माने कि कुल बिक्री की 40% बिक्री नकद बिक्री है ।

(5) परोक्ष खर्चों में, मासिक स्थिर खर्च ₹ 15,000 एवं स्थिर संपत्तियों पर अर्ध वार्षिक मूल्यह्रास ₹ 45,000 सम्मिलित हैं ।

(6) ₹ 15,000 का आयकर जून माह में एवं कर्मचारियों को ₹ 40,500 का बोनस अप्रैल में भुगतान करना है ।

(7) ₹ 72,000 की आय मई महीने में प्राप्त होगी ।

(8) समय अन्तराल : उधार बिक्री 1.5 माह, मजदूरी 1/4 माह, स्थिर परोक्ष खर्च उसी माह में, अन्य भुगतान 1 माह

(9) ₹ 75,000 का न्यूनतम नकद शेष रखना है, इसके लिए यदि आवश्यक हो तब ₹ 7,500 के गुणांक में मासिक आधार पर वार्षिक 12% ब्याज पर लोन ली जा सकती है एवं जब संभव हो, तब ब्याज सहित भुगतान कर सकते हैं ।

## विभाग – II

5. सही विकल्प चुनिए : (कोई **पाँच**) **10**

(1) प्रबन्धकीय लेखांकन में किन तकनीकों एवं पद्धतियों का उपयोग नहीं किया जाता है ?

(a) सीमांत लागत निर्धारण (b) संचालन लागत निर्धारण

(c) प्रमाण लागत निर्धारण (d) बजटीय नियंत्रण

(2) एक कंपनी का संचालन अनुपात 70% है एवं बिक्री ₹ 6,00,000 हैं, बिक्री वापसी ₹ 1,00,000 है । यदि बिक्री की लागत ₹ 3,00,000 हो, तो संचालन खर्च ज्ञात कीजिए ।

(a) ₹ 3,00,000 (b) ₹ 50,000

(c) ₹ 2,50,000 (d) ₹ 1,50,000

(3) _______ एक लाभप्रदता अनुपात नहीं है ।

(a) विनियोजित पूँजी पर प्रतिफल की दर (b) खर्चो का अनुपात

(c) संचालन अनुपात (d) स्टॉक टर्नओवर

(4) फंड प्रवाह पत्रक एवं नकद प्रवाह पत्रक किसे प्रस्तुत किये जाते हैं ?

(a) बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स (b) उत्पादन संचालक

(c) बिक्री संचालक (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(5) निम्न में से कौन सा वाक्य सही है ?

(a) बजट में अगले वर्ष के लिए परिमाणात्मक एवं मौद्रिक आँकड़े प्रदर्शित किये जाते हैं ।

(b) बजट पिछले वर्ष के आँकड़ो के आधार पर अगले वर्ष के लिए अंदाज करने की पद्धति है ।

(c) बजट तैयार करना, यह मात्र अकाउन्टेन्ट का कार्य है ।

(d) बजट में मात्र परिमाणात्मक जानकारियाँ दर्शायी जाती हैं ।

(6) एक कंपनी अगले वर्ष के लिए उत्पादन बजट तैयार कर रही है । निम्न जानकारी उससे संबंधित हैं : बजटित बिक्री 20,000 इकाईयाँ, प्रारंभिक स्टॉक 1,200 इकाईयाँ, अंतिम स्टॉक बजटित बिक्री का 5% है । उत्पादन प्रक्रिया कुछ इस प्रकार की है कि 10% इकाईयाँ अमान्य हो जाती हैं । बाजार माँग की पूर्ति के लिए कितनी इकाईयाँ उत्पादित करने की आवश्यकता है ?

(a) 17,800 इकाईयाँ (b) 19,800 इकाईयाँ

(c) 21,800 इकाईयाँ (d) 22,000 इकाईयाँ

(7) खरीद बजट के अनुसार, माल-सामान खरीद = _______.

(a) उत्पादन के लिए आवश्यक माल-सामान

(b) उत्पादन के लिए आवश्यक माल-सामान + प्रारंभिक स्टॉक – अंतिम स्टॉक

(c) उत्पादन के लिए आवश्यक माल-सामग्री + अंतिम स्टॉक – प्रारंभिक स्टॉक

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(8) नकद बजट _____ के लिए एक आवश्यक साधन है ।

(a) कर आयोजन (b) वित्तीय आयोजन

(c) खरीदी आयोजन (d) बिक्री आयोजन

(9) अगस्त एवं सितम्बर की मजदूरी क्रमशः ₹ 24,000 एवं ₹ 30,000 हैं । समय अन्तराल 1/3 माह है । सप्टेम्बर माह में देय राशि की गणना करो ।

(a) ₹ 8,000 (b) ₹ 26,000

(c) ₹ 28,000 (d) ₹ 54,000

(10) निम्न में से कौन सा बजटिंग का एक उद्देश्य नहीं है ?

(a) नित्यक्रम में होने वाले खर्चो के लिए मंजूरी आवश्यक है ।

(b) यह आंतरिक सेवाओं के लिए कीमत निर्धारित करता है ।

(c) बजटिंग आधुनिक आयोजन को कार्यान्वित करती है ।

(d) यह संचालकों के नीतियों की कर्मचारियों को जानकारी प्रदान करती है ।